भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1955**
11 दिसंबर, 2025 को उत्तर देने के लिए

## पंजाब में खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाएं

**1955. श्री मलविंदर सिंह कंग:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** पंजाब में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत कितनी खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाएं स्वीकृति के लिए लंबित हैं;
**(ख)** इन परियोजनाओं को मंजूरी देने में विलंब के क्या कारण हैं और दस्तवावेज़ीकरण या केंद्र-राज्य समन्वय में किसी अंतराल का ब्यौरा क्या है; और
**(ग)** क्या सरकार पंजाब जैसे ज्यादा खेती वाले राज्यों से मिलने वाले प्रस्तावों पर कारवाई के लिए त्वरित प्रणाली बनाने का विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क) से (ग):** खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देने और उसे सुनिश्चित करने के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफ़पीआई) अपनी दो केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं, अर्थात प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग हेतु उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफ़पीआई) के ज़रिए इससे जुडी अवसंरचना की स्थापना/विस्तार को बढ़ावा दे रहा है। एमओएफ़पीआई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना नामक एक केंद्र प्रायोजित योजना भी लागू कर रहा है। तीनों स्कीमें पंजाब सहित पूरे देश में कार्यान्वित की जाती हैं।

पीएमकेएसवाई और पीएमएफएमई स्कीमें मांग आधारित हैं और आवेदनों की प्रोसेसिंग और परियोजनाओं को मंज़ूरी देने में तेज़ी लाने के लिए, संबंधित योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, आवेदन ऑनलाइन मंगाए जाते हैं।

पंजाब राज्य में इन तीन योजनाओं के अंतर्गत एमओएफ़पीआई द्वारा मंज़ूर की गई खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया हैं।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए"पंजाब में खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाएं" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1955 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**पीएमकेएसवाई की संबंधित घटक योजनाओं के अंतर्गत पंजाब राज्य में शुरू से अब तक स्वीकृत/पूर्ण हुए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग**

| क्रम संख्या | घटक योजना | स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या | पूर्ण की गई परियोजनाओं की संख्या | स्वीकृत अनुदान सहायता (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेगा फूड पार्क | 3 | 2 | 136.43 |
| 2 | एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना | 24 | 21 | 153.55 |
| 3 | कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर योजना के लिए अवसंरचना | 3 | 1 | 20.11 |
| 4 | खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार योजना | 16 | 12 | 61.25 |
| 5 | बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज सृजन योजना | 4 | 4 | 12.62 |
| 6 | ऑपरेशन ग्रीन्स | 1 | 0 | 9.84 |

**पीएमएफ़एमई के अंतर्गत पंजाब राज्य में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आधारित प्रस्तावों को मंजूरी**

क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी के साथ स्वीकृत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की संख्या: 3021

प्रारम्भिक पूँजी के लिए समर्थित स्वयं सहायता समूहों की संख्या: 1404

**पीएलआईएसएफ़पीआई के अंतर्गत पंजाब राज्य में खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं पर आधारित प्रस्तावों को मंजूरी**

128.86 करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्वीकृत खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं की संख्या: 09

*****